# संथाल का पहला फोर लेन रोड 'हंसडीहा-महगामा'

## चर्चा में क्यों?

22 नवंबर, 2021 को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण **(NHAI)** ने झारखंड के संथाल परगना की पहली फोर लेन सड़क (हंसडीहा से महगामा) को मंज़ूरी प्रदान करते हुए निविदा जारी की।

## प्रमुख बिंदु

- इस फोर लेन सड़क का निर्माण राज्य के गोड्डा संसदीय क्षेत्र के हंसडीहा से महगामा तक किया जाएगा।
- इस सड़क की लंबाई लगभग 52 किमी होगी।
- इसके निर्माण में कुल 955 करोड़ रुपए की लागत आएगी।
- इस सड़क मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग 133 **(NH-133)** से जोड़ा जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/santhal-s-first-four-lane-road-hansdiha-mahagama-